**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री मुकुल यादव, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 6. (क) क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि राज्य सम्पत्ति, विभाग के अधीन आवास संख्या 5/11, 5/09, 05/08 व (अस्सी) निर्मित डालीबाग, लखनऊ में स्थापित आवासों के समस्त अध्यासियों को छत पर जाने की सुविधा है? | जी नहीं। राज्य सम्पत्ति अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-आर-1375/32-2-90, दिनांक 30 नवम्बर, 1990 के अनुसार राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन समस्त आवासों की छतों का सामान्य रख-रखाव व उसका प्रयोग पूर्णतया ऊपरी तल पर रहने वाले अध्यासियों द्वारा ही किए जाने की व्यवस्था है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त छत पर जाने के रास्ते में दरवाजा लगाये गये हैं? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या उक्त कालोनी की छत पर जाने के रास्ते में दरवाजे में ताला लगाकर अवैध रूप से छत पर कब्जा किया गया है? | जी नहीं। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक उक्त कालोनी की छत पर किये गये अवैध कब्जा को हटवाते हुए सभी | प्रश्न नहीं उठता। |

अध्यासियों को छत पर जाने की सुविधा का लाभ उपलब्ध करायेंगे?

(ड़) यदि हॉ, तो कब तक? प्रश्न नहीं उठता।

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।